**उ0प्र0 विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री राम चन्द्र सिंह प्रधान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-16 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 16(क)- क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव की विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर के बक्सर में विद्युत पावर हाउस के अधिष्ठापन हेतु वित्त विभाग से वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र सं0 1309, दिनांक 22/07/2023 को प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त चिन्हित स्थान पर पावर हाउस का अधिष्ठापन करा दिया गया है ? | जनपद उन्नाव की विधान सभा क्षेत्र भगवंतनगर के बक्सर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र धानीखेड़ा (2X5 एम०वी०ए०) से निर्गत 11 के0वी0 न्यू बक्सर फीडर से की जाती है। उक्त 11 के०वी० फीडर पर विगत ग्रीष्म ऋतु में पीक आवर्स में अधिकतम लोड 80 एम्पीयर रहा है एवं उपकेन्द्र पर स्थापित पावर परिवर्तक अतिभारित नहीं है। वर्तमान में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। अतएव बक्सर क्षेत्र में तकनीकी रूप से नये 33/11 के०वी० उपकेन्द्र की कोई आवश्यकता नहीं है। |
| (ग) यदि हॉ, तो किस तिथि को? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**ए0 के0 शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**